## कार्यपत्र–12

**1. सही उत्तर के आगे ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) इनमें अकर्मक क्रिया नहीं है– (iii) नहाना ✓

(ख) 'लिखना' सकर्मक क्रिया से द्‌वितीय प्रेरणार्थक क्रिया बनेगी– (iii) लिखवाना ✓

(ग) जो क्रिया मुख्य क्रिया से पहले हो चुकी हो, वह कहलाती है– (ii) पूर्वकालिक क्रिया ✓

(घ) रचना के आधार पर क्रिया का भेद नहीं है– (i) अकर्मक क्रिया ✓

(ङ) 'वह नहाकर टीवी देखेगा।'– वाक्य में रेखांकित क्रिया का भेद बताइए। (ii) पूर्वकालिक क्रिया ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) कर्म के आधार पर क्रिया के दो भेद हैं– 1. अकर्मक क्रिया 2. सकर्मक क्रिया

1. अकर्मक क्रिया– वे क्रियाएँ जिनमें कर्म नहीं होता, अकर्मक क्रियाएँ कहलाती हैं।

2. सकर्मक क्रिया– वे क्रियाएँ जिनमें कर्म होता है, सकर्मक क्रियाएँ कहलाती हैं।

(ख) जिस क्रिया में एक कर्म होता है, एककर्मक क्रिया कहलाती है। जैसे– मैंने दूध पीया।

जिन क्रियाओं में दो कर्म होते हैं, वे द्‌विकर्मक क्रियाएँ कहलाती हैं। जैसे– माँ ने बच्चों को खाना खिलाया।

(ग) जब क्रियाओं को कर्ता स्वयं न करके किसी दूसरे को करने के लिए प्रेरित करता है तो उन्हें प्रेरणार्थक क्रियाएँ कहते हैं। प्रेरणार्थक क्रिया के दो भेद हैं– प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया और द्‌वितीय प्रेरणार्थक क्रिया।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में अकर्मक या सकर्मक क्रिया बताइए।**

| | |
|---|---|
| (क) वह रो रही है। | अकर्मक क्रिया |
| (ख) माया खाना बना रही है। | सकर्मक क्रिया |
| (ग) बिल्ली म्याऊँ-म्याऊँ कर रही है। | सकर्मक क्रिया |
| (घ) दर्जी ने कपड़े सिल दिए। | सकर्मक क्रिया |
| (ङ) सुबह से वर्षा हो रही है। | अकर्मक क्रिया |

**4. निम्नलिखित वाक्यों में रचना के आधार पर प्रयुक्त क्रिया का भेद लिखिए।**

| | |
|---|---|
| (क) वह विद्‌यालय से आकर सो गई। | पूर्वकालिक क्रिया |
| (ख) अध्यापक ने पाठ पढ़ाया। | सामान्य क्रिया |
| (ग) मालिक नौकर से झाड़ू लगवाता है। | प्रेरणार्थक क्रिया |
| (घ) कोई दरवाज़ा खटखटा रहा है। | संयुक्त क्रिया |
| (ङ) मैं अब सोना चाहता हूँ। | संयुक्त क्रिया |

**5. निम्नलिखित शब्दों से नामधातु क्रिया बनाइए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | चक्कर | चकराना | (ख) | झन-झन | झनझनाना |
| (ग) | फटकार | फटकारना | (घ) | गरम | गरमाना |
| (ङ) | दोहरा | दोहराना | (च) | झूठ | झुठलाना |
| (छ) | बात | बतियाना | (ज) | फुस-फुस | फुसफुसाना |